




# टेकरी स्थित शीलनाथ धूनी गुफा परिसर के आस पास चलाया स्वच्छता अभियान

- आगामी वर्षा ऋतु में वृहद
- वृक्षारोपण अभियान की योजना बनी

देवास। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में देशभर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में कहीं पर्यावरण संरक्षण के कार्य, तो कहीं स्वच्छता अभियान के माध्यम से पर्यावरण के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, इसी कड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को गायत्री शक्तिपीठ की टीम द्वारा शीलनाथ धूनी गुफा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी मात्रा में पॉलिथीन, पानी की बोतल, प्लास्टिक थैलियां आदि कचरा इकट्ठा करके डस्टबिन में डाला गया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ की टीम द्वारा गायत्री शक्तिपीठ से टेकरी तक एक रैली निकालकर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यावरण संबंधित नारे भी लगाए गए। गायत्री शक्तिपीठ के योग प्रशिक्षक देवकरण कुमावत एवं योग प्रशिक्षिका मंजू पटेल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गायत्री शक्तिपीठ योग टीम का विशेष सहयोग रहा। देवास तहसील समन्वयक कांतिलाल पटेल एवं जिला समिति के अरविन्द शर्मा ने सभी से अपील कर हमारे सामाजिक व धार्मिक संस्थान, नदी, तालाबों पर भी नियमित स्वच्छता अभियान चलते रहना चाहिए जिससे स्वच्छता बनी रहें। स्वच्छता अभियान के दौरान जिला संयोजक बाबूलाल खंडेलवाल एवं युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने लोगों से अपील की हैं कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, क्योंकि पर्यावरण से ही हमारा जीवन है। आगामी वर्षा ऋतु के मौसम में हम सब अधिक से अधिक पौधे लगाकर मां वसुंधरा को हरी चादर ओढ़ाए क्योंकि मां वसुंधरा को पेड़ पौधों की बहुत आवश्यकता है। आज तापमान 42 डिग्री हम सब सहन कर चुके है। हमें पर्यावरण संरक्षण करना है तो प्रत्येक व्यक्ति को वर्षा ऋतु के मौसम में कम से कम 11 पौधे अनिवार्य रूप से लगाने चाहिए। गायत्री परिवार द्वारा जिले में पांच हजार पौधें लगाने की कार्य योजना बनाई गई जिसकी शुरुआत गुरु पूर्णिमा से की जाएंगी। इस अभियान के तहत लोगों के जन्मदिवस, पूर्वजों की स्मृति में पौधे रोपने की शानदार योजना जिला समिति की ओर से बनाई गई । कार्यक्रम में मोहनलाल सोनी, बाबूलाल चौहान, अन्नू पटेल, महेन्द्र राठौर, अजयसिंह चौधरी, वैष्णवी, दीक्षा रावत, मुनीश नामदेव, इन्द्रजीत शर्मा, अनन्या, पारी, काजू , रितिका सहित अनेक परिजन उपस्थित थे।

# टोंक खुर्द में अवैध एलोपैथिक क्लिनिक पर छापा

भौंरासा/ टोंक खुर्द। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में अवैध चिकित्सा गतिविधियों के विरुद्ध सतत एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को नगर टोंकखुर्द में संचालित कृष्णा मेडिकल पर औचक छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मामले में आरोपी डॉक्टर के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है । क्लिनिक से एक ही पंजीयन क्रमांक (रजिस्ट्रेशन नंबर) पर दो अलग-अलग संदिग्ध प्रमाणपत्र प्राप्त हुए। प्रथम दृष्टया इन दोनों सर्टिफिकेट्स की वैधता पूरी तरह संदेहास्पद पाई गई है, जिसकी गहनता से जांच की जा रही है। थाना टोंकखुर्द में आपराधिक मामला दर्ज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टोंकखुर्द द्वारा सौंपे गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस ने भी त्वरित एक्शन लिया है। थाना प्रभारी पुलिस थाना टोंकखुर्द आलोक कुमार वर्मा (आईपीएस) द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय कुमार जायसवाल के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1987 की धारा 24 तथा भारतीय न्याय संहिता , 2023 की धारा 318 (4) के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है। टोंक खुर्द तहसीलदार गौरव निरंकारी का कहना है कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



### बड़ी मात्रा में ऐलोपेथिक दवा जब्त

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टोंकखुर्द रितु चौरसिया, तहसीलदार गौरव निरंकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. माया कल्याणी की संयुक्त टीम द्वारा कृष्णा मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्लिनिक संचालक संजय कुमार जायसवाल (योग्यता- बीएचएमएस) द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति का संचालन किया जा रहा था। जांच के दौरान क्लिनिक से भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां बरामद की गई, जिनमें डेक्सामेथासोन एवं सेफपोडॉक्सिम सहित अन्य हाई-डोज स्टेरॉयड शामिल हैं। टीम ने इन सभी संदिग्ध दवाओं को मौके पर ही जब्त कर लिया। एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर पर दो संदिग्ध सर्टिफिकेट कार्रवाई के दौरान टीम को एक और बड़ी गड़बड़ी देखने को मिली।

## वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज द्वारा कन्वर्जेन्स कैंप का आयोजन



देवास। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, सीएसआर पहल के अंतर्गत सन्नोद पंचायत भवन (देवास क्षेत्र) में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए नीम, अशोक, कनेर और अमरूद सहित कुल 10 पौधे लगाए गए। इस वर्ष की थीम, प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समुदाय को जागृत किया गया। कार्यक्रम में हितधारक महेश पटेल सरपंच, यागवेंद्र चौधरी पंचायत सचिव, हेमा पटेल, संगीता चौधरी , किरण गहलोत सहायक ब्लॉक प्रबंधक (एनआरएलएम), माया चौधरी , संगीता रावत, कोमल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सतवास क्षेत्र में जोरदार बारिश , तेज बहाव में कार फंसी



सतवास। अंचल में गुरुवार को साढ़े चार बजे के दरमियान तेज़ हवा के साथ पानी और ओले गिरने लगे जिससे सारा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया खेतों में निकल रहे मूँग की फ़सल को निकाल ने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही हैं , चार पांच घंटे तक चली इस बारिस से लगभग 2इंची बारिस आकी गई है गांव मसूरिया,खेरखेड़ा के बीच रेतिया खाल पार करते समय नाले में तेज़ बहाव में एक शिफ्ट कार फंस गई,जिसमें चार लोग सवार थे .

### एक नजर में

## साइकिल रैली का आयोजन 7 जून को

देवास। 01 से 15 जून 2026 तक साइकिल पखवाडा मनाया जा रहा है। सम्पूर्ण भारत में विश्व साइकिल दिवस 07 जून को एक साथ साइकिल चलाने का आयोजन रखा गया है। जिला भारती के जिलाध्यक्ष सुदेश सांगते ने बताया कि देवास में क्रीडा भारती के तत्वावधान में 7 जून रविवार को साइकिल रेली का आयोजन किया जावेगा। जो कि सयाजी द्वार से प्रात: 07.30 बजे प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, शनि मंदिर (भगत सिंह मार्ग), कोठारी नर्सिंग होम, नगर पालिका निगम से होते हुए सयाजी द्वार पर समाप्त होगी तथा प्रतिभागियों को टीशर्ट का वितरण किया जाएगा। उक्त साइकिल पखवाडा में देवास के सभी खेल प्रेमी एवं समाज के गणमान्य नागरिक सम्मिलित होगें।

## कार्यक्रम आयोजित कर किया पौधा रोपण

बागली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जन-अभियान एक पेड़ माँ के नाम के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला देवास के निर्देशन में, बागली विधायक मुरली भंवरा के मार्गदर्शन एवं जटाशंकर मंडल गोविंद यादव के नेतृत्व में बागली एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी मृत्युंजय गिरी गोस्वामी द्वारा देते हुए बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम संदीपनी स्कूल, बागली में विधायक मुरली भंवरा द्वारा पौधारोपीत किया । मॉडल स्कूल बागली, न्यायालय परिसर बागली, बीआरसी कार्यालय बागली, शिव शंकर मंदिर, केशव वाटिका बागली, पंचायत भवन अंबापानी, मुक्तिधाम चारबड्डी एवं गुवाड़ी सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## सेवानिवृत होकर लौटे फौजी का स्वागत



भौरासा। शहीद संदीप यादव के ग्रहग्राम कूलाला के फौजी जगदीश चौधरी को सीआरपीएफ में अपनी भारतीय सेना में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने ग्रहग्राम भौरासा मे छोटे हनुमान चौक में रोटरी क्लब द्वारा सैनिक चौधरी का दुपट्टा फूल माला पहनकर कर स्वागत सम्मान किया इस अवसर रोटेरियन किशोर वर्मा सर, कन्हैया खाटवा सर,रघुवीर सिंह ठाकुर, प्रदीप मंत्री रोटरि क्लब अध्यक्ष सदस्य एवम,नगर के प्रकाश मंत्री,करण सिंह यादव,देवीसिंह यादव विष्णु कुंभकार आदि लोगों ने स्वागत किया ।

## हाजीयो का स्वागत किया

भौंरासा । बोहरा समाज के किराना व्यापारी बुरहान भाई बोहरा उनकी पत्नी अलेफिया के साथ मक्का मदीना हज यात्रा के लिए रवाना हुवे थे वह हज कर सकुशल हजयात्रा से वापस लोटने पर नगरवासीयो ने उनका का फूल माला पहनाकर स्वागत भौंरासा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला,पत्रकार अभय नागर,पार्षद बहादर सिंह भाटिया,सुरेश राठौड़,मुकेश खत्री,रमेश ठाकुर,नागेश कदम, कमल पाटीदार चौधरी अनिल नामदेव राहुल पाटीदार दिनेश चावड़ा मुकुल जोशी राकेश राठौर आदी नगर के अन्य लोगों ने स्वागत किया नगर की सुख शांति समृद्धि भाईचारा बना रहे देश की तरक्की व अमन चैन की दुआ कर लोटे।

## पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




सोनकच्छ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत खेड़ा खजुरिया के पहाड़ी क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह सेंधव एवं जनपद पंचायत सीईओ गीतिका सोनी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया तथा सभी से हरियाली बढ़ाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

# विधायक शर्मा ने किया ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

कन्नौद। सिविल अस्पताल कन्नौद परिसर में नवनिर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक माननीय पंडित आशीष शर्मा ,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री राधेश्याम जाट एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा माया पटेल के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर किया ।

इस अत्याधुनिक यूनिट के शुरू होने से कन्नौद ब्लॉक के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। यह पब्लिक हेल्थ यूनिट रोगों की रोकथाम, जांच और नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।इस अवसर बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा के द्वारा बताया कि नई यूनिट के शुरू होने से ब्लाक के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए मिलेगी यूनिट में लैब टेस्ट तथा महामारी नियंत्रण से जुड़ी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।



कार्यक्रम के बाद सिविल अस्पताल परिसर में उपस्थित अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया ।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हुकुम जाट, पार्षद प्रतिनिधि संजय शर्मा एवं राजेश चौहान पार्षद दिलीप यादव, राधेश्याम खत्री, संतोष जाट, डॉ मोहन कोठारी, नरसिंह धूत, विश्वनाथ शर्मा, अर्जुन पवार एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा सिविल अस्पताल कन्नौद के कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन शहर भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

# पटवारी के निलंबन के विरोध में प्रांतीय पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

सतवास। गुरुवार को प्रांतीय पटवारी संघ के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष दिलीप जाट एवं तहसील अध्यक्ष मोहन सिसोदिया के नेतृत्व में सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बाग़दी नदी उत्खनन मामले में विगत दिनों कन्नौद तहसील में पदस्थ पटवारी अतुल पुरोहित के एस. डी .एम. द्वारा निलंबन के विरोध करते हुए उनकी बहाली के लिए समस्त पटवारीयो ने लामबंद होकर इस कार्यवाही को देस्तापूर्ण बताया उन्होंने बताया की छुट्टी वाले दिन कारण बताओ नोटीस का जवाब मांगा गया, इस तरह की कार्यवाही अनुचित है संघ अध्यक्ष ने यह चेतावनी दी है की अगर दो दिन में निलंबन की कार्यवाही बापस नहीं ली गई तो सोमवार से सम्पूर्ण ज़िले के पटवारी वस्ता जमा कर अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित अधिकारियों की रहेगी पटवारी संघ कार्यवाहक जिला अध्यक्ष दिलीप जाट सतवास ने कहा की रेलवे का काम चल रहा हैं और नदी से उत्खनन उनके द्वारा किया जाता हैं पटवारी ने मौके पर जाकर देखा भी बावजूद उसे जो हटाया गया है वह गलत है दो दिन में अगर निलंबन वापस नहीं लिया गया तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। जिला अध्यक्ष दिलीप जाट के साथ, पटवारी अनिरूद्र यादव, पुलकित व्यास, नंदू शर्मा,हेमंत यादव सहित पटवारियो ने हिस्सा लिया



## 73 वर्षीय बुजुर्ग को न्यायालय से मिला न्याय

देवास। देवास जिले की 73 वर्षीय बुजुर्ग माहेश्वरी सिंह के पति नग नारायण सिंह की मृत्यु के पश्चात बैंक ऑफ इंडिया औद्योगिक क्षेत्र शाखा द्वारा नग नारायण सिंह की बैंक में जमा राशि बैंक ऑफ इंडिया ने महेश्वरी सिंह को देने से साफ मना कर दिया और कहा कि महेश्वरी सिंह ये साबित करें कि वह नग नारायण सिंह की पत्नी है। बुजुर्ग महिला माहेश्वरी सिंह ने लगभग 3 वर्ष तक बैंक ऑफ इंडिया के चक्कर लगाए बैंक द्वारा जो दस्तावेज मांगे वह सब दस्तावेज बैंक में जमा किए गए फिर भी बैंक ने 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला को उनके पति की जमा राशि नहीं दी। बुजुर्ग महिला माहेश्वरी सिंह ने न्यायालय की शरण ली एडवोकेट हकीम बेग तथा एडवोके शाहिद मंसूरी द्वारा केस की पैरवी की और 73 वर्षीय बुजुर्ग माहेश्वरी सिंह को न्याय मिला। कोर्ट ने 22/5/26 को आदेश पारित करते हुवे आदेश में लिखा है कि 45 दिन के भीतर स्वर्गीय नग नारायण सिंह के बैंक में जमा 15686 रु 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ के साथ श्रीमति माहेश्वरी सिंह के खाते में जमा करने तथा 5000 रु अर्थ दंड और 3000 रु कोर्ट खर्च देने का आदेश जिला उपभोक्ताफोरम ने दिया है।

## 100 वर्ष पुराना पेड़ गिरा

बागली। बेहरी धावड़िया मार्ग पर सोमवार को आये आंधी-तूफान ने क्षेत्र का प्राकृतिक और भौगोलिक जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी के कारण बागली - धावड़िया मुख्य मार्ग पर 100 वर्ष पुराना विशाल बेडे का पेड़ गिर गया। पेड़ के सड़क पर गिरने से यह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया लेकिन मार्ग पर गिरे पेड़ को हटाने की जिम्मेदारी तय न होने से पेड़ हटाने का काय सही घंटे तक शुरू नहीं हो पाया जिसके चलते ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना उठाना पड़ा पेड़ की मोटी डालियां और तने ने पूरी सड़क को जाम कर दिया। शुक्र है कोई जनहानि नहीं हुई।

### एक नजर में

**वनमण्डल देवास अंतर्गत कुल 1250 पौधों रोपण कार्य किया गया**

# वन मंडल ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, जनप्रतिनिधियों ने किया पौधा रोपण

देवास। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन मण्डल देवास अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह और जिम्मेदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। वनमण्डल देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवास में मेरी लाइफ के तहत माता टेकरी पर एक विशेष जागरूकता एवं वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण को बचाने, पहाड़ी क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में वन मंडलाधिकारी अमित चौहान ने माता टेकरी परिसर में पहला पौधा रोपकर इस अभियान की शुरुआत की। अपने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एक औपचारिकता नही है, हमारे और हमारी आने वाली पीढीयों के अस्तिव के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमे प्रकृति का दोहन नही बल्कि उसके साथ संतुलन बनाकर रहने की आदत डालना होगी।




सोनकच्छ में जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया गया साथ ही वन परिक्षेत्र देवास के ग्राम बालोदा में मनोज चौधरी विधायक हाटपिपल्या द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया गया व टोकखुर्द, वन परिक्षेत्र खिवनी में आशीष शर्मा विधायक कन्नौद एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया गया।